दैनिक
न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्व की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 ‖ Postal Registration No-055/Raigarh DN CG ‖ रायगढ़, बुधवार 07 अगस्त 2019 ‖ पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए ‖ वर्ष-01, अंक- 306

महत्वपूर्ण एवं खास

बारिश से संसद परिसर में भरा पानी, कई जगह लगा जाम

नईदिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली और एनसीआर में मंगलवार सुबह हुई बारिश के बाद कई जगह यातायात जाम हो गया. जहां एक तरफ दिल्ली-गुरुग्राम एक्सप्रेस वे पर कई किलोमीटर तक गाड़ियों की कतारें नजर आई वहीं अक्षरधाम और आईटीओ पर भी दफ्तर जाने वाले लोग जाम की समस्या से जूझते दिखे. लगातार बारिश के चलते संसद परिसर में भी जलभराव हो गया है जिससे वाहनों को अंदर आने में परेशानी हो रही है. गौरतलब है कि इस समय संसद का सत्र जारी है. दिल्ली एनसीआर में मंगलवार सुबह से ही शुरू हुआ बारिश का दौर लगातार चल रहा है. ऐसे में कई इलाकों में जलभराव की परेशानी सामने आ रही है. जिसके चलते लोगों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. खासकर दफ्तर जाने वाले लोगों को घंटो तक जाम में फंसा रहना पड़ा. वहीं दिल्ली गुरुग्राम एक्सप्रेस वे पर भी वाहनों की लंबी कतारें दिखाई दीं. वहीं आईटीओ और अक्षरधाम पर भी जाम की स्थिति देखी गई.

राज्यसभा में उठी हिलसा मछली को मारने पर रोक लगाने की मांग

नईदिल्ली (आरएनएस)। बंगाल की खाड़ी में हिलसा मछली का अंधाधुंध ढंग से मारे जाने का दावा करते हुए तृणमूल कांग्रेस के एक सदस्य ने राज्यसभा में मंगलवार को सरकार से मांग की कि अगर शिकार पर कठोरता से रोक नहीं लगाई गई तो इस मछली का अस्तित्व ही समाप्त हो जाएगा।शून्यकाल में यह मुद्दा उठाते हुए तृणमूल कांग्रेस के अबीर रंजन विश्वास ने कहा कि हिलसा मछली को मारने की सीमा 25,440 टन तय की गई है लेकिन इससे कहीं ज्यादा इस मछली का शिकार किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि अंधाधुंध ढंग से मारने के कारण आज इस मछली के अस्तित्व का संकट पैदा हो गया है।विश्वास ने कहा कि बांग्लादेश सरकार ने हिलसा मछली के संरक्षण के लिए कई कदम उठाए हैं।उन्होंने मांग की केंद्र सरकार और पश्चिम बंगाल सरकार को न केवल हिलसा मछली के शिकार पर कड़ाई से रोक लगानी चाहिए बल्कि बांग्लादेश सरकार से भी इस संबंध में बातचीत करनी चाहिए।

बम हमले में 2 सैनिकों की मौत

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के बाजौर जिले में सड़क किनारे हुए बम हमले में दो सैनिकों की मौत हो गई जबकि चार अन्य घायल हो गए। सुरक्षा अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सैनिकों के वाहन पर रिमोट नियंत्रित हमले में सेना का एक मेजर भी मारा गया। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के मुताबिक, स्थानीय मीडिया को भेजे बयान में तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) ने हमले को अंजाम देने का दावा किया है। बाजौर पाकिस्तान के सात कबायली जिलों में से एक है, जो अफगानिस्तान की सीमा से लगता है। यह क्षेत्र कभी पाकिस्तानी और विदेशी आतंकवादियों का गढ़ हुआ करता था। हालांकि, पाकिस्तानी सेना ने पिछले कुछ वर्षों में बड़े सैन्य अभियानों में क्षेत्र से आतंकवाद का सफाया कर दिया।

ब्रिटेश एयरवेज' के विमान में भरा धुआं, यात्रियों को सुरक्षित निकाला गया

मैड्रिड। स्पेन के वालेंसिया स्थित हवाई अड्डे पर लैंडिंग के दौरान 'ब्रिटेश एयरवेज' के विमान में अचानक धुआं भर गया। सभी यात्रियों को सुरक्षित निकाल लिया गया। समाचार एजेंसी 'यूरोपा प्रेस' ने बताया कि सोमवार को स्थानीय अधिकारियों ने जानकारी दी थी कि तीन लोग दम घुटने से बीमार हो गए जिनका इलाज जारी है। वहीं 10 से 12 लोगों को आपात दरवाजे से निकलते समय चोटे आई। वालेंसिया की क्षेत्रीय सरकार की आपात सेवाओं ने बताया कि उन्हें विमान के इंजन में आग लगने की जानकारी मिली थी, लेकिन बचावकर्मियों को हवाई-अड्डे पर केवल धुआं ही दिखा। एयरलाइन के एक प्रवक्ता ने कहा, '' हम हीथ्रो से वालेंसिया जाने वाले 'ब्रिटिश एयरवेज' के विमान 'बीए422' के आज हुई घटना की पुष्टि करते हैं।

चार मंजिला इमारत में लगी आग, 5 लोगों की मौत

नईदिल्ली (आरएनएस)। राजधानी दिल्ली के जाकिर नगर में सोमवार देर रात एक चार मंजिला इमारत में आग लग गई। जिसमें झुलसने से 5 लोगों की मौत हो गई. वहीं कई अन्य घायल बताए जा रहे हैं. आग की सूचना पर पुलिस और दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंच गई और बचाव कार्य में जुट गई. इस दौरान 20 लोगों को इमारत से सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है. बताया जा रहा है कि आग इमारत में लगे एक बिजली के मीटर में शॉर्ट सर्किट के बाद लगी. अस्पताल से मिली जानकारी के अनुसार 11 लोग इस आग में झुलस गए हैं, जिनमें से

पांच की हालत गंभीर है. पहले खबर मिली थी कि हादसे में 6 लोगों की मौत हुई है लेकिन बाद में 5 की मौत की पुष्टि की गई है.

दमकल विभाग के अनुसार आग लगभग रात 2 बजे के आस पास लगी, जिसके बाद मौके पर आठ दमकल गाड़ियों को भेजा गया. आग पर करीब सुबह 5.25 मिनट पर काबू पा लिया गया. हादसे में 7 कारों और 19 मोटरसाइकिलों को भी नुकसान हुआ है.

जानकारी के अनुसार आग इमारत में इतनी तेजी से फैली की वहां से बाहर निकलना लोगों के लिए मुश्किल हो गया. ऐसे में एक महिला जान बचाने के लिए दूसरी मंजिल से कूद गई. फिलहाल आग पर काबू पाने की कोशिश की जा रही है.

केजरीवाल ने दिये घटना की जांच के ओदश

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दक्षिण दिल्ली के जाकिर नगर इलाके में लगी आग की घटना में जांच के आदेश दिए हैं। जाकिर नगर में सोमवार देर रात लगी आग में तीन बच्चों सहित छह लोगों की मौत हो गई और 13 अन्य घायल हुए हैं। 'आप' प्रमुख ने घटनास्थल का दौरा किया और कहा कि घटना के हर एक पहलू की जांच की जाएगी। अधिकारी के अनुसार मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजन को पांच लाख रुपए और घायलों को दो लाख रुपए मुआवजा देने का ऐलान किया है। केजरीवाल ने कहा, '' घटना के सभी पहलुओं की जांच की जाएगी।'' अग्निशमन विभाग के अनुसार सोमवार देर रात ढाई बजे उन्हें चार मंजिला आवासीय इमारत में आग लगने की जानकारी मिली और सूचना मिलते ही आठ दमकल गाड़ियों को तुरन्त मौके पर भेजा गया। इस इमारत में 13 फ्लैट हैं। अधिकारियों ने बताया कि 'इलेक्ट्रिक मीटर' में शॉर्ट-सर्किट के कारण आग लगी। सपर सुबह पांच बजकर 25 मिनट पर काबू पाया गया।

मध्यस्थता के विफल होने के बाद सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई शुरू, गोविंदाचार्य की मांग ठुकराई

» अयोध्या मामला

नईदिल्ली (आरएनएस)। सुप्रीम कोर्ट राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद भूमि विवाद में मंगलवार से रोजाना सुनवाई कर रहा है। मध्यस्थता के माध्यम से कोई आसान हल निकलने का प्रयास विफल होने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने मामले की रोजाना सुनवाई करने का फैसला किया है। प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई की अध्यक्षता वाली पांच सदस्यीय संविधान पीठ मामले की सुनवाई कर रही है। सुनवाई के दौरान गोविंदाचार्य की ओर से राम जन्मभूमि मामले मे सुनवाई करने वाली पीठ से पूरी सुनवाई की कार्यवाही लिखित में रिकार्ड कराने और बाद में उसे रिलीज करने की मांग की लेकिन सुप्रीम

कोर्ट ने इसे ठुकरा दिया है।

पीठ में न्यायाधीश एस ए बोबडे, न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति अशोक भूषण और न्यायमूर्ति एस ए नजीर भी शामिल हैं। बीते शुक्रवार को मध्यस्थता पैनल की रिपोर्ट देखने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने साफ शब्दों में कहा था कि मध्यस्थता का कोई नतीजा नहीं निकला है। अब मामले पर छह अगस्त से रोजाना सुनवाई की जाएगी। शीर्ष अदालत इस मामले में सुनवाई तब तक जारी रखेगी जब तक सभी पक्षों की बहस पूरी नहीं हो जाती।

ओबामा, क्लिंटन को बम भेजने वाले ट्रंप के समर्थक को 20 साल की सजा

न्यूयॉर्क। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा और पूर्व विदेश मंत्री तथा राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार रहीं हिलेरी क्लिंटन सहित कई प्रमुख डेमोक्रेटों को देसी बम भेजने वाले व्यक्ति को 20 साल की सजा सुनाई गई है। व्यक्ति अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का समर्थक है। न्यूयॉर्क की एक अदालत के सजा सुनाते ही आरोपी सीजर सायोक रो पड़ा। वह पिज्जा डिलीवरी करता था और एक सफेद ट्रक में रहता था। इस ट्रक पर ट्रम्प के समर्थन में और डेमोक्रेट के विरोध में पोस्टर लगे थे। जिला जज जेड राकॉफ ने सजा

सुनाते हुए कहा, ''अपराधों की प्रकृति एवं परिस्थितियां किसी भी प्रकृति में भयावह होती हैं।'' सायोक ने मार्च में बम के 16 पैकेट फ्लोरिडा के पोस्ट ऑफिस भेजेने की बात स्वीकार की थी, जिन्हें वहां से डेमोक्रैट नेताओं और सीएनएन के मैनहैटन कार्यालय भेजा जाना था। ओबामा और क्लिंटन के अलावा, अरबपति जॉर्ज सोरोस, पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन, पूर्व उपाध्यक्ष जो बिडेन और अभिनेता रॉबर्ट डी नीरो उसका निशाना थे।

कर्नाटक में भारी बारिश का कहर, नेशनल हाईवे में आई दरार

बेंगलुरु (आरएनएस)। कर्नाटक में हो रही भारी बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। इस के चलते बेलगावी जिले में निप्पानी के पास नेशनल हाईवे 4 पर दरार पड़ गई। इस कारण हाईवे पर ट्रैफिक को रोक दिया गया है। बारिश के कारण कर्नाटक के कई जिलों पर बाढ़ का खतरा मंडरा रहा है। मौमस विभाग ने भी कर्नाटक में भारी बारिश की चेतावनी दी है।

मौसम विभाग ने पहले ही कर्नाटक, कोंकण और गोवा के तटीय इलाकों में भारी बारिश की चेतावनी दी थी। मौसम विभाग के मुताबिक पूर्वी राजस्तान, गुजरात, मध्य महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश के समुद्र तटीय इलाके, तेलंगाना, और दक्षिणी कर्नाटक में भारी बारिश होगी।

कर्नाटक में बाढ़ और बारिश पर विधानसभा तक में चर्चा हो चुकी है। कांग्रेस विधायक एचके पाटिल ने मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा को चिट्ठी लिखी है, जिसमें उन्होंने मांग की है कि मुख्यमंत्री 6 अगस्त को होने वाला दिल्ली दौरा रद्द करें।

विधायक ने मांग ने की है कि मुख्यमंत्री उत्तर कर्नाटक के बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा करें।

महाराष्ट्र में हुई भारी बारिश की वजह से उत्तरी कर्नाटक में बाढ़ का असर देखने को मिल रहा है। तटों पर बढ़ रहा पानी, कर्नाटक के लिए खतरे पैदा कर रहा है।

लगातार बारिश से परेशान मुंबई में बारिश थमने वाली नहीं है। मौसम विभाग के अनुमान के मुताबिक, महाराष्ट्र और गोवा के तटीय इलाकों में एक बार फिर तेज बारिश हो सकती है। इसके अलावा हाई टाइड का भी अलर्ट है। मछुआरों को समुद्र में न जाने की एडवाइजरी जारी की गई है।

धारा 370 के हटाए जाने पर बौखलाया पाकिस्तान

» कहा-सभी विकल्पों का करेंगे इस्तेमाल

इस्लामाबाद। पाकिस्तान ने कश्मीर पर सोमवार को लिए गये भारत सरकार के फैसले को गैरकानूनी करार दिया है और कहा है कि वह इसके खिलाफ सभी विकल्पों का इस्तेमाल करेगा। भारत सरकार ने जम्मू-कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा देने संबंधी संविधान के अनुच्छेद 370 को समाप्त करने का फैसला लिया है। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करके इस फैसले की कड़ी आलोचना की और भारत सरकार के इस फैसले को खारिज कर

दिया। विज्ञप्ति में बताया गया कि भारत के हिस्से वाला कश्मीर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक विवादित क्षेत्र है।

पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने कहा, भारत सरकार का एकतरफा कदम इसके विवादित स्वरूप को बदल नहीं सकता क्योंकि यह मामला संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों में शामिल है। पाकिस्तान के विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी ने कहा कि कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाकर भारत ने बहुत खतरनाक खेल खेला है। इससे समूचे इलाके पर घातक असर हो सकता है। उन्होंने कहा कि पाक पीएम इमरान खान पूरे मसले को समाधान की ओर ले जाना चाहते थे लेकिन भारत ने अपने फैसले से मामले को और जटिल बना दिया है।

भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग ने लगाया एसएएआर आईटी रिसोर्सेस पर जुर्माना

नईदिल्ली (आरएनएस)। भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग ने गहन जांच के बाद पता लगाया है कि एसएएआर आईटी रिसोर्सेस प्रा. लि., सीएडीडी सिस्टम एंड सर्विसेस प्रा.लि. और पेंटेकल कंसलटेंट्स (आई) प्रा.लि. ने प्रतिस्पर्धा अधिनियम 2002 की धारा 3(3) (डी) और धारा 3(1) के प्रावधानों का उल्लंघन किया, ताकि 2015 में पुणे नगर निगम द्वारा जारी बोलियों में हेरफेर कर सकें। उल्लेखनीय है कि पुणे नगर निगम ने 'जीआईएस और जीपीएस प्रौद्योगिकी के जरिए वृक्ष गणना के लिए एजेंसी का चुनाव' करने के लिए यह निविदा जारी की थी।

इन कंपनियों के विरूद्ध जांच अधिनियम की धारा 26 (1) के तहत कमीशन द्वारा 03.10.2017 को जारी आदेशानुसार शुरू हुई थी। महानिदेशक ने एक सार्वजनिक न्यास नागरिक चेतना मंच द्वारा अधिनियम की धारा 19(1) के तहत सूचना देने के आधार पर जांच का आदेश दिया था।

जांच के आधार पर पक्षों को सुनने के बाद आयोग इस नतीजे पर पहुंचा कि उपरोक्त कंपनियों ने बोली के

सिलसिले में हेरफेर किया था, जो प्रतिस्पर्धा अधिनियम 2002 की धारा 3(3) (डी) और धारा 3(1) के प्रावधानों का उल्लंघन है। इसके अलावा आयोग को यह भी पता चला कि उपरोक्त कंपनियों के निदेशकों सहित कई लोगों ने निविदा में हेरफेर किया। इस जांच के आधार पर आयोग ने एसएएआर आईटी रिसोर्सेस प्रा. लि., सीएडीडी सिस्टम एंड सर्विसेस प्रा.लि. और पेंटेकल कंसलटेंट्स (आई) प्रा.लि. पर क्रमशः 1.26 करोड़ रुपये, 0.11 करोड़ रुपये और 1.33 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। यह जुर्माना अधिनियम की धारा 27(बी) के तहत लगाया गया है, जो पिछले तीन वित्त वर्षों के दौरान कंपनियों के औसत कारोबार पर 10 प्रतिशत की दर से लगाया गया है। आयोग ने अधिनियम की धारा 27 (बी) के तहत उपरोक्त कंपनियों के कुछ निदेशकों पर भी जुर्माना लगाया है।

टोरंटो के नाइटक्लब में गोलीबारी, 5 घायल

टोरंटो। कनाडा के शहर टोरंटो में एक नाइटक्लब में हुई गोलीबारी में पांच लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के मुताबिक, सोमवार को हुई गोलीबारी में एक शख्स की हालत गंभीर है। घायलों में दो महिलाएं भी शामिल हैं।

टोरंटो के पुलिस प्रमुख मार्क सॉन्डर्स ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि शनिवार से सोमवार तक, पुलिस को गोलीबारी की 11 अलग-अलग घटनाओं की सूचना दी गई, इन घटनाओं में कनाडा के सबसे बड़े शहर में 13 लोग घायल हुए हैं।

सॉन्डर्स ने कहा कि वह उन क्षेत्रों में अतिरिक्त संसाधन की व्यवस्था कर रहे हैं, जहां उन्हें लगता है कि पुलिस की मौजूदगी इस तरह की घटना पर लगाम लगा सकती है।

टोरंटो के मेयर जॉन टोरी ने सोमवार को एक बयान जारी किया जिसमें उन्होंने हालिया गोलीबारी की हिंसक घटनाओं को बिल्कुल अस्वीकार्य कहा।

बयान में उन्होंने कहा, मुझे पता है कि टोरंटो पुलिस गोलीबारी की घटनाओं के जिम्मेदार लोगों को ढूंढने और उन्हें न्याय के कटघरे में लाने के लिए लगातार काम कर रही है। उन्होंने आगे कहा कि जिन लोगों के पास इस संबंध में कोई जानकारी है, वह उनसे पुलिस के साथ जानकारी साझा करने का आग्रह करते हैं, जिससे जांचकर्ताओं को इन घटनाओं को सुलझाने में मदद मिल सकें।

उन्नाव गैंगरेपः कोर्ट ने कुलदीप सिंह सेंगर को तिहाड़ जेल भेजा

नईदिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली के तीस हजारी कोर्ट ने उन्नाव गैंगरेप मामले में आरोपी एमएलए कुलदीप सिंह सेंगर और सह-आरोपी शशि सिंह को तिहाड़ जेल में शिफ्ट करने का आदेश दिया है. दोनों को सात अगस्त को फिर से अदालत में पेश किया जाएगा. बता दें कि आज दिल्ली के तीस हजारी कोर्ट में इस मामले पर सुनवाई की गई. दूसरी तरफ, सुप्रीम कोर्ट ने सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल उन्नाव गैंगरेप पीड़िता को एयरलिफ्ट कर दिल्ली के एम्स लाने का आदेश दिया है. उन्नाव केस की सुनवाई करते हुए चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया रंजन गोगोई की बेंच ने सोमवार को यह आदेश दिया. बता दें कि उन्नाव रेप पीड़िता का इलाज लखनऊ के ट्रामा सेंटर में चल रहा है. पीड़िता की हालत अभी नाजुक बनी हुई है और वह हादसे के बाद से ही वेंटिलेटर पर है. शुक्रवार को सुनवाई के दौरान कोर्ट ने पीड़िता के परिजन और केजीएमयू से दिल्ली एयरलिफ्ट करने के संबंध में जानकारी मांगी थी, जिसका जवाब देते हुए सीबीआई ने कहा था कि पीड़िता का परिवार लखनऊ में हो रहे इलाज से सतुष्ट है.

उत्तर कोरिया ने 2 और मिसाइलों का परीक्षण किया

प्योंगयांग। उत्तर कोरिया ने दो अज्ञात मिसाइलों का परीक्षण किया है। दक्षिण कोरियाई सेना ने कहा कि पिछले दो सप्ताह के अंदर उसका यह चौथा ऐसा लॉन्च है। बीबीसी की मंगलवार की रिपोर्ट के अनुसार, बयान में कहा गया कि ये प्रक्षेपण दक्षिण ह्वांग्हे प्रांत से प्रायद्वीप के पूर्व में समुद्र में किए गए।

अमेरिका ने कहा कि वह स्थिति पर नजर बनाए हुए है और दक्षिण कोरिया और जापान से चर्चा कर रहा है।

उत्तर कोरिया ने अमेरिका-दक्षिण कोरिया के बीच सोमवार को हुए सैन्य अभ्यास पर नाराजगी जताई है।

उत्तर कोरिया का कहना है कि ये युद्धाभ्यास अमेरिकी

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप तथा दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति मून जे-इन के साथ हुए समझौतों का उल्लंघन करते हैं।

उत्तर कोरिया के विदेश मंत्रालय ने एक बयान में दोनों सहयोगियों पर सैन्य अभ्यास को सही ठहराने के लिए साजिश रचने का आरोप लगाया और कहा कि उनके आक्रमक बर्ताव को छिपाया नहीं जा सकता।

प्योंगयांग द्वारा परमाणु हथियारों के विकास तथा लगातार मिसाइल परीक्षणों के बाद उत्तर कोरिया पर अमेरिकी तथा अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबंध लगाए गए हैं।

उत्तर कोरिया ने पिछले शुक्रवार को एक परीक्षण किया था, जिसे दक्षिण कोरिया ने कहा कि था कि यह नए प्रकार की कम दूरी की मिसाइल प्रतीत हो रही है।

दक्षिण कोरिया के जॉइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ के अनुसार, इन दो मिसाइलों ने जापान के सागर में लक्ष्य भेदा था।